p>

Title: Need to find out permanent solution to recurring floods in Bihar.

**श्री महाबली सिंह (काराकाट):** अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने बिहार के महत्वपूर्ण विषय को सदन में उठाने का मुझे मौका दिया है । मैं समझता हूं कि कम से कम 50 साल से जब-जब बिहार में बाढ़ आई है, सभी माननीय सदस्य आकर चिल्लाते हैं कि सर बाढ़ आ गई, बाढ़ आ गई । इसका कोई उपाय निकाला जाए । वही स्थिति इस साल फिर हो गई । बाढ़ फिर आ गई और 12 जिले पानी में एकदम जलमग्न हो गए हैं । कम से कम हजारों लोग घर से बेघर हो गए हैं । हमारी बिहार सरकार राहत कार्य चला रही है, उसमें कोई कमी नहीं है, लेकिन अब बिहार की जनता चाहती है कि हम लोगों को राहत नहीं चाहिए, बल्कि आप लोग स्थाई समाधान निकालिए । हमारे रामप्रीत मंडल, मधुबनी जिला से हैं । ये राहत कार्य चलाने गए थे । जनता ने डण्डा लेकर इनको घेर लिया और बोला कि हम लोगों को राहत नहीं चाहिए । हमने आपको सदन में भेजा है, आप सरकार से बोलिए कि नेपाल में हाई टैंक बनें और बाढ़ का स्थाई समाधान निकाले । हम वहां जाते हैं, तो वहां के लोग कुछ नहीं सुनते । हुजूर, आप आसन पर बैठे हैं। आप हम लोगों की बात सुनिए और आपके माध्यम से हम सरकार से विनती करते हैं कि वह इसका कोई स्थाई समाधान निकाले ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सप्तगिरी उलाका को श्री महाबली सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।